(क) यूगोस्लाविया के राष्ट्रपति टीटो द्वारा प्रस्तावित गुट निरपेक्ष राष्ट्रों के शिखर सम्मेलन बुलाए जाने के प्रस्ताव के बारे में क्या प्रगति हुई है; और

(ख) क्या उसकी तारीख और स्थान निश्चित कर लिए गए हैं?

**वैदेशिक-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ब० रा० भगत)** : (क) सरकारों के बीच परामर्श अभी चल रहा है।

(ख) जी नहीं।

### MUSLIM NATIONS

*79. SHRI D. C. SHARMA: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether the Pakistan President has accused India of "trying to drive a rift between Muslim Nations" as a part of its foreign policy during his tour of East Pakistan at Dacca on the 23rd September, 1968;

(b) if so, the reaction of Government thereto; and

(c) the steps taken or proposed to be taken in the matter?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI B. R. BHAGAT): (a) Yes, Sir.

(b) and (c). There is no truth in the allegation and it hardly merit any action on our part.

### FOREIGN TOURS OF CHIEF OF NAVAL STAFF

***80. SHRI K. P. SINGH DEO: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:**

**(a) whether it is a fact that certain modern maritime countries were visited by the Chief of Naval Staff recently;**

**(b) if so, the countries visited by the Chief of Naval Staff;**

**(c) whether any suggestions have been made by the Chief of Naval Staff to modernise the Indian Navy as a result of his visit to these countries;**

**(d) if so, the salient features thereof; and**

(e) the reaction of Government thereto?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI SWARAN SINGH): **(a) to (e). The Chief of the Naval Staff utilised the occasion of acceptance of the invitation from the British Ministry of Defence for a visit to the UK, also to visit West Germany, Sweden, Netherlands, France and Finland. The Chief of the Naval Staff was able to get acquainted with the latest naval developments in these countries of interest to the Indian Navy, including new equipment. The report of the Chief of the Naval Staff is receiving consideration of Government.**

### इंगलिस्तान में श्री फिजो से मिलने के लिए नागा प्रतिनिधिमण्डल की विदेश यात्रा

*81. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अगस्त, 1968 में कोहिमा में हुए अखिल नागा सम्मेलन में यह निर्णय किया गया था कि नागा नेता फिज़ो से मिलने के लिए आठ नागा सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल इंगलिस्तान जाए;

(ख) यदि हां, तो क्या इस बीच यह प्रतिनिधिमंडल नागा नेता श्री फिज़ो से मिलने के लिए इंगलिस्तान चला गया है; और

(ग) यदि हां, तो इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

**वैदेशिक-कार्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री सुरेन्द्रपाल सिंह)** : (क) से (ग). इस सम्मेलन में श्री फ़ीज़ो से सम्पर्क करने के बारे में कोई प्रस्ताव पास नहीं हुआ था। लेकिन, इस सम्मेलन ने जो विशेष समिति बनाई है उसके सदस्यों ने 25 सितम्बर, 1968 को गवर्नर के साथ अपनी मुलाकात में उन्हें यह संकेत दिया कि वे फ़ीज़ो से

मिलना चाहते हैं। उन्हें यह स्पष्ट बता दिया गया कि फ़ीज़ो विदेशी राष्ट्रिक है, और सरकार भारत के घरेलू मामलों में उनके हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं करेगी, और न वह इस बात के लिए राज़ी होगी कि वह ऐसे किसी उद्देश्य के लिए वापस आए। जहां तक मालूम है इस समिति का कोई सदस्य फ़ीज़ो से मिलने के लिए लंदन नहीं गया।

**कच्छ के सीमांकन पर असन्तोष**

*82. **श्री जि० ब० सिंह : क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि पाकिस्तान को कच्छ का भारतीय राज्य क्षेत्र देने के प्रयोजनार्थ किए जाने वाले सीमांकन कार्य के विरुद्ध जनता में अभी असन्तोष है; और

(ख) क्या इसके विरोध में जनता के असन्तोष को ध्यान में रखते हुए सीमांकन कार्य को स्थगित करने का सरकार का विचार है ?

**वैदेशिक-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ब० रा० भगत) :** (क) इस फैसले को क्रियान्वित करने के निर्णय का जनता ने और संसद ने समर्थन किया है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

NEGOTIATIONS WITH REBEL NAGAS

*83. SHRI D. AMAT:
SHRI G. C. NAIK:
SHRI KASHI NATH PANDEY:
SHRI SHRI GOPAL SABOO:

Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government have decided to initiate fresh negotiations with underground Nagas;

(b) if so, the terms and conditions of the negotiations; and

(c) when the negotiations will begin?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI SURENDRA PAL SINGH): (a) No, Sir.

(b) and (c). Do not arise.

CHIEF MINISTERS' CONFERENCE IN NEW DELHI

*84. SHRI ONKAR LAL BERWA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) the nature of discussions held in the conference of Chief Ministers of all the States of India held in New Delhi in September, 1968; and

(b) the decisions arrived at and action taken thereon?

THE PRIME MINISTER, MINISTER OF ATOMIC ENERGY, MINISTER OF PLANNING AND MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRIMATI INDIRA GANDHI): (a) and (b). A statement is laid on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT-2071/68].

**सेना का पुनर्गठन**

*85 **श्री अटल बिहारी वाजपेयी :**
**श्री रामसिंह अयरवाल :**
**श्री वासुदेवन नायर :**

क्या **रक्षा मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 29 सितम्बर, 1968 के "इंडियन एक्सप्रेस" में प्रकाशित हुए इस समाचार की ओर दिलाया गया है कि जाति रहित आधार पर सेना का पुनर्गठन करने में बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) :** (क) से (ग). सरकार ने 19 सितम्बर,